

## एक नजर में



### 10वीं-12वीं की द्वितीय परीक्षा 7 मई से

**ग्वालियर 5 मई.** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की द्वितीय अवसर (कंपार्टमेंट व अंक सुधार) परीक्षा के लिए मंगलवार को गोपनीय परीक्षा सामग्री का वितरण किया गया। शिंदे की छावनी स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं समन्वय केंद्र से सुबह 10 :30 बजे से शाम 5 :00 बजे तक यह वितरण प्रक्रिया संपन्न हुई। मंडल द्वारा जारी समय-सारिणी के अनुसार, यह परीक्षा 7 मई से प्रारंभ होगी। जिले के सभी 19 परीक्षा केंद्रों के लिए सामग्री का वितरण किया गया। सामग्री को कड़ी पुलिस अभिरक्षा में केंद्रों तक भेजा गया है। मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण या अंक सुधारने के इच्छुक छात्र इसमें शामिल होंगे। गोपनीय परीक्षा सामग्री को पूरी सुरक्षा के साथ परीक्षा केंद्रों तक ले जाया गया केंद्रों पर पहुंचने के बाद इस सामग्री को डबल लॉक में सुरक्षित रखा जाएगा। बोर्ड के निर्देशों के अनुसार, परीक्षा प्रारंभ होने से ठीक 30 मिनट पूर्व ही प्रश्नपत्र के पैकेट खोलने के निर्देश दिए गए हैं। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी, बोर्ड के प्रतिनिधि और पुलिस बल तैनात रहा।

### एमएलबी में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर व्याख्यान




ग्वालियर। महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में एक विषय विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारत के वैज्ञानिक सफर, तकनीकी आत्मनिर्भरता और देश के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से चर्चा की। 11 मई 1998 को राजस्थान के पोखरण में हुए सफल परमाणु परीक्षणों की याद में यह दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में इस वर्ष की थीम 'यंत्र युगांतर फॉर एडवांसिंग न्यू टेक्नोलॉजी रिसर्च एंड एम्शीलेरेशन' पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने भारतीय युवा वैज्ञानिकों की योग्यता और नवाचारों को देश के विकास का मुख्य आधार बताया। ?कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. दीपक शर्मा ने उपस्थित छात्रों और प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस हर साल 11 मई को मनाया जाता है। यह दिन 11 मई 1998 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में राजस्थान के पोखरण में किए गए सफल परमाणु परीक्षणों की याद दिलाता है। इस ऐतिहासिक कदम के बाद भारत ने विश्व पटल पर एक परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में अपनी मजबूत पहचान बनाई। उन्होंने आगे बताया कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2025 की थीम 'यंत्र युगांतर फॉर एडवांसिंग न्यू टेक्नोलॉजी रिसर्च एंड एम्शीलेरेशन' है। इसका मूल उद्देश्य भारत को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाना, अपनी वैज्ञानिक विरासत को समझना और रिसर्च एवं इनोवेशन को बढ़ावा देना है। यह दिन वैज्ञानिक नवाचार और भारत के भविष्य को बदलने वाली तकनीक का प्रतीक है। कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर कुसुम भदौरिया ने इस अवसर पर कहा कि आज भारतीय युवा वैज्ञानिकों के हौसले और उनकी योग्यता के कारण देश में तकनीकी क्रांति आ रही है। इन प्रयासों ने देश को सैन्य और तकनीकी मोर्चे पर बहुत मजबूत किया है। आने वाले समय में देश के पास तकनीकी क्षेत्र में अपार संभावनाएं मौजूद हैं।कार्यक्रम का संचालन डॉ. शशीकला ने किया। इस आयोजन में प्रोफेसर रवि रंजन और प्रोफेसर विभा दूर्वार सहित महाविद्यालय के अनेक शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### प्रहलाद चरित्र की कथा सुन भक्तगण हुए भावविभोर



ग्वालियर। भगवान की भक्ति में ही शक्ति है। भागवत कथा सही मार्ग दिखाती है, भक्ति करनी है तो ध्रुव और भक्त प्रहलाद जैसी करो। भगवान ने प्रहलाद के लिए अवतार लेकर हिरण्कश्यप का वध किया। यदि भक्ति सच्ची हो तो ईश्वरीय शक्ति अवश्य सहायता करती है। पंडित दिनेश शास्त्री महाराज ने लोढ़ी माता मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान यह बात कही।केसिया परिवार द्वारा आयोजित कथा में भक्त प्रहलाद चरित्र और नृसिंह अवतार की कथा सुनाई। कथा में धूमेश्वर धाम के महंत महामंडलेश्वर अनिरुद्ध वन जी महाराज का आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें, जिससे वह बुढ़ापे में अपने माता पिता की सेवा कर सकें। गो सेवा, साधु की सेवा कर सकें। मनुष्य को दिखावा नहीं कर भगवान को सच्चे हृदय से याद करना चाहिए। पंडित दिनेश शास्त्री महाराज ने कहा कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। यदि हम संसार में पूरी तरह मोहग्रस्त और लिप्त रहते हुए सांसारिक जीवन जीते है तो हमारी सारी भक्ति एक दिखावा ही रह जाएगी। कथा की आरती में मुख्य यजमान के रूप में श्रीमती सुनीता- स्व. उमेश केसिया, असमान केसिया, पप्पू केसिया, आशा केसिया परिवार के लोगों ने शिरकत की।



### जीलोराम का किया अभिनन्दन, पुस्तक का विमोचन

ग्वालियर। प्रख्यात समाजसेवी जीलो राम पहलवान की समाज के प्रति सेवाओं को समर्पित पत्रिका का विमोचन किया गया। वक्ताओं ने समाज को शिक्षित करने के लिए उनके द्वारा दिए योगदान को सराहा। समाजजनों ने जिलोराम पहलवान का शानदार ढंग से स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर गुरमुख करोसिया, पूर्व जेल डायरेक्टर मप्र शासन, झांसी के लखन पहलवान, मुकेश गई, अशोक चौधरी, कुंदन नेताजी, दीनदयाल करोसिया, पत्रकार वीरेंद्र गौर, भूपेंद्र सिंह, रोहित करोसिया, अंशु गई, मनीष गई आदि ने स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### बीआईएमआर नर्सिंग कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मिडवाइफरी डे पर वर्चुअल वेबिनार का आयोजन

**ग्वालियर 5 मई.** बी आई एम आर नर्सिंग कॉलेज में आज 5 मई मंगलवार को सुबह 11:00 बजे से 01:00 बजे तक अंतरराष्ट्रीय मिडवाइफरी दिवस का वर्चुअल वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार की थीम एक मिलियन और मिडवाईफस थी। वेबिनार की प्रमुख वक्ता के रूप में प्रोफेसर निम्मी अल्पना गोपाली थी प्राचार्या आर.जे.एन नर्सिंग कॉलेज में अपने उद्बोधन में मिडवाइफरी नर्सों की वैश्विक कमी, चुनौतियां और समाधान पर प्रकाश डाला। इस वेबिनार में वर्चुअल मोड पर 150 विद्यार्थियों एवं शिक्षको ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रोफेसर संदीप जॉय, प्रभारी प्राचार्य बी.आई.एम.आर नर्सिंग कॉलेज, श्रीमती कृष्णा कुमारी शर्मा, कुमारी दीपाली मांजी आदि ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

# माधव प्लाजा की सूरत बदलेगी, होगा आबाद

नवभारत न्यूज

**नवनियुक्त उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने निरीक्षण कर अफसरों को दिए निर्देश**



**ग्वालियर 5 मई** शहर के मध्य स्थित बहुमंजिला कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स माधव प्लाजा का आज मंगलवार को ग्वालियर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने आकस्मिक निरीक्षण कर जीडीए अफसरों को यहां के हालात सुधारने एवं यहां रिक्त पड़े परिसरों के आवंटन के लिए प्लानिंग कर तत्काल जमीनी प्रयास करने को कहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

स्थानीय व्यापारियों ने मांग की कि माधव प्लाजा को पीछे हुजरात मार्केट के सामने से जोड़ा जाए तथा माधव प्लाजा की लिफ्टों को ठीक कराया जाए।

जीडीए उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने इस अवसर पर व्यापारियों को बताया कि शीघ्र ही शहर के सोना व्यापारी संघ, केमिस्ट व्यापारियों तथा अन्य व्यापारियों को बुलाकर प्राधिकरण के साथ मीटिंग कराई जाएगी। इस भव्य माधव प्लाजा के अंदर पीवीआर का टेंडर निकाला जाएगा ताकि आम जनमानस इस प्लाजा की ओर आकर्षित हो। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्लाजा में जो बड़े-बड़े हॉल हैं वहां किराए पर एग्जीबिशन एवं सेल के लिए दिये जाए प्रस्ताव बोर्ड मीटिंग मे पास करेगे। निरीक्षण के समय ग्वालियर विकास प्राधिकरण के एसई डीडी मिश्रा, इंजीनियर देवेंद्र गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर व्यापारियों द्वारा नवनियुक्त जीडीए उपाध्यक्ष का आत्मीय स्वागत किया गया।

## ज्येष्ठ माह का पहला बड़ा मंगल मना

नवभारत न्यूज

**मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**



**ग्वालियर 5 मई** ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार को शहर में 'बड़ा मंगल' के रूप में पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर सुबह से ही शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। लोग अपने जीवन में सुख-समृद्धि की कामना के साथ बजरंगबली की पूजा-अर्चना करने में लगे रहे। कई मंदिरों में सुंदरकांड, हनुमान चालीसा और बजरंग बाण के पाठ किया गया एवं जगह-जगह स्टॉल लगाकर भक्तों को प्रसादी, ठंडा पानी और शरबत वितरित किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए मंदिरों में कूलर और फव्वारेदार पंखे लगाए गए।शाम के समय महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें सुबह से दोगुनी भीड़ शाम से रात तक देखी गई।

## जलालपुर के जंगल में डकैती की योजना बना रहे 6 बदमाश गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 मई** जलालपुर के जंगल में घेराबंदी कर पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे 6 अंतरराज्यीय बदमाशों को अवैध हथियारों सहित दबोच लिया है। जानकारी के अनुसार, 4 मई की रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कंजर डेरा के सामने जलालपुर के जंगल में कुछ हथियारबंद बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं।

**झाड़ियों में छिपकर सुनी डकैती की साजिश-** पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची, तो बदमाशों को भनक न लगे इसलिए जवानों ने झाड़ियों में छिपकर उनकी बातें सुनीं। बदमाश आपस में जलालपुर निवासी पप्पू चौहान के घर डकैती डालने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर मौके से छह बदमाशों को धर दबोचा।

**अवैध हथियार और मोबाइल बरामद**

गिरफ्तार बदमाशों की तलाशी लेने पर पुलिस को उनके पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार मिले:

**हथियार:** 315 बोर के 3 देसी कट्टे, 5 जिंदा कारतूस और 2 धारदार छुरे। बदमाशों के पास से विभिन्न कंपनियों के 5 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पकड़े गए आरोपियों में टेनीराम उर्फ टीटू लोधी अलीगढ़, यूपी, ?कौशल कुमार उपाध्याय बदायूं, यूपी, ?सचिन सिंह तोमर पोरसा, मुरैना, ?अंशुल त्यागी पुलिस लाइन हजीरा, ग्वालियर, ?अयान मोहम्मद व आमिर उर्फ लालू खान पुरानी छावनी, ग्वालियर

**कार से छोड़कर भागे दो अन्य साथी**

पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी अर्पित यादव और रहमान खान इन्हें अर्टिका कार से जंगल में छोड़कर गए थे और रेकी कर रहे थे। फिलहाल ये दोनों फरार हैं, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है।






## मानवता का उत्सव : बच्चों को भोजन, शिक्षकों को सम्मान

नवभारत न्यूज

**100 बच्चों को भोजन कराया और 10 शिक्षकों का किया सम्मान**

**ग्वालियर 5 मई** समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए महावीर इंटरनेशनल केंद्र ग्वालियर द्वारा मंगलवार, 05 मई 2026 को एक सराहनीय सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मांडरे की माता चढ़ाई स्थित मोनी बाबा आश्रम, कैंसर पहाड़िया में सम्पन्न हुआ, जहाँ जरूरतमंद और निराश्रित बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के दौरान लगभग 100 गरीब एवं निराश्रित बच्चों को स्नेहपूर्वक भोजन कराया गया। इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। संस्था के सदस्यों ने स्वयं उपस्थित रहकर पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। इसके साथ ही आश्रम में सेवा दे रहे 10 समर्पित शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने शिक्षकों को समाज के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सराहा और उन्हें सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल सेवा करना था, बल्कि समाज में शिक्षा और मानवीय मूल्यों के महत्व को भी उजागर करना रहा। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष वीर राकेश शिवहरे, सचिव वीर अमित शिवहरे सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम संयोजक वीर अरुण चौरड़िया एवं वीर संजय अग्रवाल ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

महावीर इंटरनेशनल (श्रद्ध×) के ट्रस्टी पारसमल पारख ने बताया कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ जरूरतमंदों के जीवन में खुशियाँ भरने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि संस्था आगे भी इसी तरह जनहित के कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर वीर संदीप सुराणा, वीर अमित पारख, वीर सुदर्शन जैन, सहित आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# सेवा और संकल्प की नई मिसाल : पिता-पुत्री की जोड़ी बदल रही है समाज की तस्वीर

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 5 मई.** कहते हैं कि अगर इरादे नेक हों और साथ अपनों का हो, तो समाज में बदलाव लाना नामुमकिन नहीं है। ग्वालियर की धरती पर कुछ ऐसा ही करिश्मा कर रही है पिता-पुत्री की एक जोड़ी। राज दंडोतिया और उनकी सुपुत्र एडवोकेट अनुपमा राज दंडोतिया ने मिलकर 'अनुपमा राज दंडोतिया वेलफेयर फाउंडेशन' के माध्यम से न केवल समाज सेवा की अलख जगाई है, बल्कि 'सामाजिक न्याय और स्वाभिमान की महाक्रांति' का बिगुल भी फूंक दिया है।

**सिर्फ संस्था नहीं, एक मिशन है 'एआरडी'-** यह फाउंडेशन केवल एक एनजीओ नहीं है, बल्कि एक जागरूक समाज के निर्माण का जरिया है। राज दंडोतिया और अनुपमा दंडोतिया साल भर विभिन्न सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इनका उद्देश्य केवल दान-पुण्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जोड़ी सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियों पर प्रहार करने के साथ-साथ धरातल पर सेवा कार्य करने में भी विश्वास रखती है।







**न्यायपूर्ण भारत के निर्माण का आह्वान-** सचिन तेंदुलकर मार्ग, ग्वालियर स्थित अपने मुख्यालय से संचालित यह फाउंडेशन आज ग्वालियर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा स्रोत बना हुआ है। राज दंडोतिया का अनुभव और एडवोकेट अनुपमा की ऊर्जा मिलकर एक सशक्त और न्यायपूर्ण भारत के सपने को साकार करने में जुटे हैं।

**मानवता की सेवा,कोई भूखा न सोये, कोई अशिक्षित न रहे**

फाउंडेशन के कार्यों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गरीबों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना है। इसी कड़ी में पिता-पुत्री की यह जोड़ी कई प्रमुख अवसर पर निशुल्क भोजन वितरण (भंडारा) का आयोजन करती है, ताकि शहर का कोई भी व्यक्ति भूखा न सोये। इसके साथ ही, देश के भविष्य को संवारने के लिए निर्धन छात्रों को निशुल्क पुस्तकें, कॉपियां और स्टेशनरी वितरित की जाती है। उनका मानना है कि आर्थिक तंगी किसी भी बच्चे की शिक्षा के आड़े नहीं आनी चाहिए।

**6 सूत्रीय संकल्प, व्यवस्था परिवर्तन की मांग**

फाउंडेशन ने अपने 'सामाजिक न्याय स्वाभिमान सेना' के माध्यम से कुछ ऐसी मांगें उठाई हैं जो वर्तमान समय में विमर्श का केंद्र बनी हुई हैं जैसे कि संस्कृति की रक्षा: धर्म और संस्कृति के अपमान पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कानून, जिसमें 12 वर्ष की सजा और 10 लाख मुआवजे का प्रावधान हो।ब्राह्मण समाज को 'अल्पसंख्यक' दर्जा: गिरती जनसंख्या और वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए ब्राह्मण समाज को अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग। 100 प्रतिशत आरक्षण का लाभ: योग्यता और आवश्यकता के अनुसार, पिछले 78 वर्षों से वंचित हर गरीब परिवार को आरक्षण की मुख्यधारा से जोड़ना। शिक्षा का बाजारीकरण बंद: 'शिक्षा का व्यापार बंद हो, सबको ज्ञान मिले' के नारे के साथ अनिवार्य शिक्षा कानून की वकलत। गरीबों को बुनियादी सुविधाएं: बेघर और गरीबों को सस्ती दर पर राशन, वस्त्र, आवास, स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करना। संवैधानिक जागरूकता: हर भारतीय को संविधान में दर्ज उसके अधिकारों और लाभों के प्रति जागरूक करना। अपनी आवाज को जन-जन तक पहुँचाने के लिए इन्होंने यू ट्यूब चैनल की भी शुरुआत की है, जिसके माध्यम से वे समाज को जागरूक करने और भ्रष्टाचार व कुरीतियों पर हमला करने का कार्य कर रहे हैं।

**इनका कहना है...**



हमारा लक्ष्य एक ऐसा समाज बनाना है जहाँ हर व्यक्ति को उसका संवैधानिक हक मिले, भरपेट भोजन मिले और हर छात्र स्वाभिमान के साथ अपनी शिक्षा पूरी कर सके।

**अनुपमा दंडोतिया**



फाउंडेशन की स्थापना करने का हमारा मुख्य उद्देश्य समाज के उस वर्ग तक पहुंचना था जो अब भी विकास की मुख्यधारा से कटा हुआ है। हम केवल बातों में नहीं, बल्कि कार्यों में विश्वास करते हैं।

**राज दंडोतिया**

## एमिटी में 'परिधान 2026' फैशन शो 8 को

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 मई** .एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी स्कूल ऑफ फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला फैशन शो 'परिधान 2026' इस वर्ष नए अंदाज में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम फैशन के क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को अपनी रचनात्मकता और नवाचार प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता रहा है।

इस फैशन शो के प्रारंभिक राउंड 6 मई 2026 को आयोजित किए जाएंगे, जिसमें प्रतिभागियों को ओपन थीम के अंतर्गत अपनी डिजाइन प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। वहीं, ग्रैंड फिनाले 8 मई 2026 को 'कुट्योर कैनवास' थीम पर आधारित होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा डिजाइनरों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने और फैशन इंडस्ट्री में हो रहे नवाचारों को अपनाते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। इसमें विभिन्न शहरों से लगभग 15 टीमें भाग लेंगी, जो अपने डिजाइन, स्टाइलिंग और प्रस्तुति कौशल का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता को और आकर्षक बनाने के लिए आयोजकों द्वारा एक लाख रुपए तक के पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। कार्यक्रम का प्रसार व्यापक स्तर पर किया जा रहा है, जिससे आयोजन को सफल और प्रभावी बनाया जा सके। रचनात्मकता, ग्लैमर और प्रतिस्पर्धा के इस संगम के साथ 'परिधान 2026' एक भव्य फैशन उत्सव साबित होने जा रहा है।

### वर्षा पूर्व नालों की सफाई कराने तोमर ने लिखा निगमायुक्त को पत्र

**ग्वालियर 5 मई .** वर्षा से पूर्व नालों की सफाई एवं जल भराव वाले स्थलों को चिन्हित किये जाने के संबंध में सभापति मनोज तोमर ने निगमायुक्त को पत्र लिखकर अवगत कराया है। सभापति मनोज तोमर द्वारा लिखे गए पत्र के माध्यम से बताया कि पूर्व की भांति वर्षा से पूर्व शहर के विभिन्न नालों की सफाई एवं जलभराव वाले स्थलों को चिन्हित किया जाकर उनके समाधान हेतु अभी से आवश्यक सफाई कार्य कराया जाना अति आवश्यक है।

आगामी
वर्ल्ड रेडक्रॉस डे (8 मई) की
Mother's day (10 मई) की
वट सावित्री व्रत (16 मई) की
सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकानाएं।



प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. 9243218074

## आईटीएम में परम्परागत डोकरा पद्धति से 'धातु ढलाई कार्यशाला' का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 मई.** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में भारतीय ज्ञान परम्परा अध्ययन पीठ के अन्तर्गत 'धातु ढलाई कार्यशाला' संस्थान के तुरारी परिसर में प्रारंभ हुई। इस कार्यशाला में देश और विदेश में अपनी कला को पहचान दिलाने वाले ख्याति मूर्तिकार और कलाकारों का स्वागत किया गया। जहां सभी मूर्तिकारों ने पारंपरिक अंदाज में परम्परागत डोकरा पद्धति से कार्यशाला शुरू की। 30 दिवसीय इस कार्यशाला के क्यूरेटर और प्रख्यात हस्तशिल्पी मुश्ताक खान (सेवानिवृत्त उपनिदेशक, राष्ट्रीय हस्थशिल्प संग्रहालय, नई दिल्ली) एवं सहायक क्यूरेटर मुजाहिद खान द्वारा छत्तीसगढ़ के बस्तर, रायगढ़ और झारखंड के रांची से आए प्रख्यात हस्थशिल्पी, मूर्तिकार और कलाकारों का परिचय कराया। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर प्रबंधन के वरिष्ठ पदाधिकारी और प्रोफेसर मौजूद रहे।

अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान ने बताया कि छत्तीसगढ़ के बस्तर और रायगढ़ एवं झारखंड के रांची से आए प्रख्यात हस्थशिल्पी, मूर्तिकार और कलाकार यहां 30 दिन तक रहकर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर परिसर में अपनी प्रतिभा, हुनर और कला का प्रदर्शन करेंगे।

मुश्ताक खान ने बताया कि आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के फाउंडर चांसलर रमाशंकर सिंह ने धातु ढलाई कार्यशाला के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के बस्तर और रायगढ़ एवं झारखंड के रांची से आए प्रख्यात हस्थशिल्पी, मूर्तिकार और कलाकारों द्वारा 6 इंच से लेकर 16 इंच तक उंची मूर्तियां ही बनाई जाती हैं, लेकिन यह पहली बार होगा जब यह कलाकार धातु की 5 से लेकर 6 फुट उंचाई की मूर्तियां बनाई बनाएंगे। इन मूर्तियों को खास व परम्परागत डोकरा पद्धति से बनाया जायेगा। आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में यह अनुभव कलाकारों के लिए भी अनूठा होगा।

उन्होंने बताया कि मूर्तिकारों और कलाकारों द्वारा काली, लाल, पीली और दीमक की मिट्टी के साथ-साथ धान का छिलका का उपयोग कर मूर्ति के लिए मिट्टी तैयार की जाएगी।

**इन हस्तशिल्पियों ने की कार्यशाला में शिरकत**

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में आयोजित 'धातु ढलाई कार्यशाला' में क्यूरेटर और प्रख्यात हस्थशिल्पी मुश्ताक खान एवं सहायक क्यूरेटर मुजाहिद खान के अलावा बस्तर (छत्तीसगढ़) से टिलो बाई बेसरा, एरफुल बेसरा, फुलसिंह बेसरा, ललित बेसरा, सुधीर नेताम, निर्मल नेताम, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से सोहन लाल झारा, धरम कुमार झारा, चिंता लाल झारा, रुमिला झारा, कांती झारा और झारखंड रांची से पंचम मलार, झुबु मलार और अजय लाकड़ा ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है।

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभिषेक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460